### लापुंग प्रखंड में पहली बार एतिहासिक घघारी बाबा धाम में प्रवेश किया पानी

# भगवान भोलेनाथ का जमनी नदी पांव पखारती नजर आई



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ऐतिहासिक घघारी बाबा धाम में मंदिर के ऐतिहास में पहली बार जमनी नदी ने शिवलिंग को स्पर्श किया और भगवान भोलेनाथ के चरणों को अपने जल से धोया। जमुनी नदी का जल स्तर अपने रौद्र रूप के चरम को प्राप्त कर लिया था। जमुनी नदी और घघारी जलप्रपात के प्रलयंकारी रौद्र रूप को लोगों ने जीवन में पहली बार देखा। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि स्वयं भगवान भोलेनाथ ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है। जमुनी नदी का पानी बाढ़ के रुप में न सिर्फ मंदिर बल्कि मंदिर के पश्चिमी छोर पर बहता हुआ फूट ब्रिज के सीढियों के ऊपर बहता हुआ दिखाई दिया। मंदिर में मुख्य पुजारी राजेश पाठक सीताराम पाठक तुलसीदास गोस्वामी तथा मार्कंडेय दास गोस्वामी ने बताया कि इस दृश्य को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मौके पर समाजसेवी दशरथ तिर्की भी पहुंचे थे। उन्होंने अति उत्साही युवकों को नदी में जाने से रोका। घघारी बाबा धाम मंदिर में बाढ़ के पानी के साथ कई प्रकार के सांप और केकड़ा सहित पानी वाले कई प्रकार के जीव जंतु को भी मंदिर में पहली बार देखा गया। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के फतेहपुर के पास कारो नदी में भारी बारिश के कारण जलस्तर में वृद्धि के कारण पुल से तीन फीट ऊपर तक पानी बहने के कारण घंटों सड़क पर आवागमन बाधित रहा। वहीं तेतरा के पास चापा उरांव नामक किसान का तीन आम का पेड़ और एक विशालकाय ईमली के पेड़ को करो नदी अपने साथ बहाकर ले गई । लापुंग प्रखंड के ककरिया खटंगा एवं तेतरा के जमनीटोली के पास जमनी नदी का पानी पुल को स्पर्श करने से लोगों में दहशत व्याप्त हो गया था। हालांकि यहां पानी पुल के ऊपर ओवरफ्लो नहीं हुआ। वहीं कनकी नदी में भी बाढ़ के कारण नदी का पानी कई अलग-अलग जगह पर पुल को छूता हुआ दिखाई दिया।

### मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त। चारों ओर हाहाकार



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड में मुसलाधार बारिश का कहर, जनजीवन अस्त व्यस्त, सड़क के उपर बह रही है पानी, दर्जनों गांव के कच्चे मकान गिरे व रखे में सामान बर्बाद हो गए। जहां शुक्रवार को पिछली रात से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त हो गया। प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली कई सड़क पर बनी पुल के ऊपर से तेज बहाव नजारा सा बन गया। पाकलमेड़ी गांव के नदी पर नवनिर्मित पुल के दोनो किनारे की मिट्टी पानी में बह गई जिससे नरकोपी बेड़ो सडक में अवागम बंद हो गई। बेड़ो लोहरदगा सड़क पर दिघिया गांव के समीप के पुल के ऊपर पानी बहने से आवागन बाधित हुआ। घाघरा से कादोजोरा पुल के ऊपर पानी बहने से आवागमन बाधित रहा। कोटपाली गांव के समीप रेलवे अंडर ग्राउंड पास में जल जमाव हो गया। जिससे आवागमन बाधित रहा। बेड़ो रांची मुख्य मार्ग पर देवी मंडप के समीप सड़क के उपर पानी बहने लगा।.जल जमाव से होंडा शोरुम, हीरो होंडा शोरुम,टीवीएस शोरुम सहित कई दुकानों और मकान के निचले हिस्से में पानी घुस गए। कटरमाली जरिया से बेड़ो आने वाली मार्ग पर सड़क के ऊपर पानी बहने लगा। जिसे लोगों का आवागमन बंद हो गई है।

### मुरी पुलिस ने अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए चलाया जांच अभियान



**मुरी।** मुरी ओ पी पुलिस ने शनिवार के दिन अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाया। यह जांच अभियान रांची पुरुलिया मुख्य पथ पर चलाया गया।जांच में तेज रफ्तार,संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों एवं क्षतिग्रस्त नंबर प्लेट वाले वाहनों की आवश्यक जांच मुरी पुलिस द्वारा किया गया। पुलिस द्वारा आने जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की गई।हालांकि जांच के क्रम में पकड़े गए वाहनों को पुलिस द्वारा सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया।वहीं थाना प्रभारी गगन कुमार ठाकुर ने बताया कि यह जांच संदिग्ध लोगों पर नजर रखने,कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के उद्देश्य से साथ ही क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने को लेकर चलाया गया।उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे ताकि आमजनों में सुरक्षा की भावना बनी रहे।मुरी पुलिस ने लोगों से सहयोग करने और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम में मदद करने की अपील भी की।

### लगातार वर्षा से खलारी बेहाल नदियां उफान पर बाजार ठप करोड़ों का नुकसान

**खलारी।** पिछले दो दिनों से हो रही लगातार वर्षा ने खलारी और आसपास के इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। क्षेत्र की प्रमुख नदियां दामोदर, सपही और सोनाडूबी उफान पर हैं, जिससे निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। लोग जरूरत के कामों के अलावा घरों से निकलने में परहेज कर रहे हैं। भारी बारिश से कस्बाई और ग्रामीण सड़कों पर पानी भर गया है। कच्ची सड़कों पर कीचड़ व फिसलन के चलते आना-जाना मुश्किल हो गया है। कई जगह मिट्टी के बने घर गिरने लगे हैं और जलभराव से दैनिक मजदूरों के कामकाज ठप हो गए हैं। गरीब मजदूर इस बारिश में घर से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं जिस कारण उनके सामने भूखमरी का सामना कर पड़ रहा है।

### कृषि पदाधिकारी ने चलाया छापेमारी अभियान

# दुकानदारों में मचा हड़कंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** जिला कृषि पदाधिकारी सह पीडी आत्मा राम शंकर प्रसाद सिंह ने लापुंग थाना क्षेत्र के उर्वरक एवं बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ लापुंग प्रखंड के ककरिया, लालगंज, जातालोया और लापुंग में कई दुकानों में छापामारी की और खाद बीज के नमुने एकत्रित कर उसे अपने कब्जे में लिया। ककरिया के जय माता दी ट्रेडर्स के रविन्द्र कुमार सहित कई दुकानदारों के दुकानो में छापामारी अभियान चलाया। इस मौके पर उन्होंने दुकानदारों को चेताया कि यदि किसी भी दुकानदार ने अनियमितता बरती और किसानों से ऊंचे दाम में यूरिया बेचा तो उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि पदाधिकारी के छापामारी अभियान के दौरान दुकानदारों में हड़कंप से मच गई। वहीं कई ग्रामीणों ने खासकर किसानों ने दुकानदारों के खिलाफ अपनी शिकायतें दर्ज कराई है। हालांकि इसकी खबर लिखे जाने तक कोई पुष्टि नहीं हो पाई है।

छापामारी अभियान के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी के साथ-साथ जिला अनुसार एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अनिमेष दास सहित कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

### डॉ राम दयाल मुंडा की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन



**रांची।** झारखंड सेवा समिति कि ओर से महान शिक्षाविद एवं झारखंड के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री स्व. राम दयाल मुंडा की जयंती पर कांके स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जे नाची से बाची सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत बच्चों ने कई मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय कि प्राचार्या अंजली गांगुली, झारखंड सेवा समिति के सचिव संतोष कुमार एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी जी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारभ पद्मश्री स्व राम दयाल मुंडा जी के तस्वीर पर मालार्पण कर उन्हें याद कर किया गया । इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता" में कक्षा आठ कि दिव्या और श्वेता की जोड़ी ने ऊंचा नीचा पहाड़ पर्वत गीत गायी। वहीं कक्षा नौ कि कामना कुमारी एकल ने छोटा नागपुर गायी।

### लुंडरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्राप्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने चान्हो के लुंडरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर उप स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। इस मौके पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मुनमुन अंसारी ने बताया एनक्वास के तहत चिह्नित केंद्रों में ओपीडी रजिस्ट्रेशन से लेकर जांच और दवा वितरण तक की व्यवस्था की जाती है। केंद्रों की साफ-सफाई बेहतर की जाती है। स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बैनर-पोस्टर लगाई जाती है। टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, प्रसव के पश्चात जांच, वेस्ट डिस्पोजल आदि की व्यवस्था पुख्ता होती है। ममता वाहन, एंबुलेंस सेवा आदि का नंबर केंद्र में डिस्प्ले किया जाता है। डॉक्टरों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध करा सकें । मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सरिता कच्छप, रोशनी बाड़ा, ज्योत्सना, नीलम उरांव, फुलमनी उरांव,नीलू देवी, राजमनी उरांव, फुलमनी उरांव, साबिहा खातून , बीब्याना तिर्की सहित पूरे पंचायत के सहिया मौजूद थे।

### कोयला खनन और रेलवे का ढुलाई प्रभावित

**खलारी।** लगातार वर्षा का असर क्षेत्र की कोयला खदानों पर भी पड़ा है। सीसीएल एनके एरिया की खुली खदानों में उत्पादन बाधित होने से रेलवे की मालगाड़ियों पर सीधा असर पड़ा है। रेल यातायात निरीक्षक उमेश कुमार के अनुसार, सामान्य दिनों में केडीएच और डकरा क्षेत्रों से प्रतिदिन चार रैक कोयला निकाला जाता था, लेकिन बारिश के कारण अब केडीएच से एक भी रैक नहीं निकल पा रही है। डकरा से भी चार दिनों में केवल एक ही रैक भेजा गया है। केडीएच न्यू साइडिंग में मोनेट के लिए भी प्रतिदिन दो की जगह एक रैक ही मिल रहा है। वहीं, आरसीएम राय साइडिंग लंबे समय से बंद पड़ा है।

### पेसा कानून के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकार व जिम्मेदारी पर हुई चर्चा



**चान्हो।** पंचायती राज विभाग के तत्वाधान में प्रखंड सभागार में पेसा कानून के तहत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेदारी रहा। इस अवसर पर चोरेया पंचायत के मुखिया रेखा सांगा ने बतौर प्रशिक्षक विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेसा कानून ग्राम सभा को विशेष अधिकार देता है, लेकिन इसके साथ ही ग्राम सभा की जिम्मेदारियां भी कई गुना बढ़ जाती हैं। उन्होंने एक-एक पहलू की बारीकी से चर्चा कर उपस्थित ग्राम प्रधानों को जागरूक किया। वहीं ट्रेनर साहिल अन्सारी ने पेसा कानून के महत्व और व्यवहारिक पहलुओं को

### क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर ने मुख्यालय-रांची को किया पराजित

# टीम चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया



**रांची।** सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025-26 के फाइनल मुकाबले में क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर ने मुख्यालय-रांची को पराजित कर टीम चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने टीम चैम्पियनशिप के विजेता एवं उप-विजेता को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी एवं निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार ने टूर्नामेंट के अन्य वर्गों के विजयी एवं उप-विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, श्रमिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।इस टूर्नामेंट के ओपेन मेन सिंगल्स में प्रथम स्थान पर श्रीराम मूर्ति एवं द्वितीय स्थान पर बडी रामचरण रहे जबकि ओपेन मेन डबल्स में प्रथम स्थान पर श्रीराम मूर्ति एवं सुधीर कस्ती की जोड़ी तथा श्री गौरव कांत एवं श्री राष्ट्रपति कुमार की जोड़ी ने द्वितीय प्राप्त किया।

### तीन अनाथ बच्चों के सिर से माता-पिता का उठा साया चाचा के यहां ली शरण

# नाबालिग ने पढ़ाई छोड़कर छोटे भाई और बहन के भरण पोषण की उठाई जिम्मेदारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया पंचायत के ककरिया अम्बाटोली में अनाथ बच्चों क्रमशः करण मुंडा, ज्योति कुमारी तथा अंकित मुंडा के सिर से पहले माता-पिता का साया उठा और अब भारी बारिश के कारण उनका मिट्टी का कच्चा मकान भर-भराकर गिर गया। तीनों बच्चे राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के छात्र हैं। लगभग 15 साल के करण मुंडा के ऊपर माता और पिता क्रमशः स्वर्गीय गोबरा मुंडा एवं स्वर्गीय चांदमुनी देवी की मृत्यु के बाद अपनी दोनों भाई और बहन क्रमशः 11 वर्षीय ज्योति कुमारी और नौ वर्षीय भाई अंकित मुंडा के जीविकोपार्जन एवं लालन-पालन की जिम्मेवारी आ जाने के कारण उसने फिलहाल विद्यालय छोड़ दिया है। ड्रॉप आउट होने के बाद वह गांव के ही टेंट हाउस में पार्ट टाइम नौकरी करता है और जहां तहां मजदूरी करता है। उसकी मजबूरी ने उसकी पढ़ाई छुड़ा दी है। और अब लगातार हो रही बारिश के कारण उनकी मुसीबतें उनका घर गिरने के कारण बढ़ गई। पहले माता-पिता का साया उठ गया और अब उनके सिर से घर छत भी गिर गया। अब तीनों भाई-बहन लगभग बेघर हो गए। उनके घर का एक हिस्से का दीवार अचानक भर भरा कर गिर गया। फिलहाल सभी बच्चे गांव के वार्ड सदस्य और रिश्ते के चाता मनोज उरांव के घर पर शरण लेना पड़ा है। उधर दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के डाडी. पंचायत अन्तर्गत डाडी. सेमरटोली में दीरपु साहु तथा डाडी. पंचायत के ही अकमरोमा गांव में निराश देवी का कच्चा घर भर भरा कर गिर गया। डाडी.सेमर टोली में दीरपु साहु उर्फ दीपक साहु का घर गिरने से दीरपु घर के मलबा में दब गए थे। दरवाजा भी टूट कर उसके ऊपर गिर गया था। जिससे वे लंबे समय तक दबे रहे लेकिन लोगों की मदद से उन्हें निकाला गया।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह आयोजित

# फूल आने से पहले ही पार्थेनियम पौधे को उखाड़ दें : डॉ शीला बारला

**रांची।** पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह के अवसर पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा मनुष्य, पशु-पक्षी एवं पर्यावरण के लिए हानिकारक इस खरपतवार के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया।सस्य विभाग की वैज्ञानिक डॉ शीला बारला ने बताया कि आईसीएआर के खरपतवार अनुसंधान निदेशालय के निर्देश पर विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों के बीच पार्थेनियम के दुष्प्रभावों और प्रबंधन के उपायों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस खरपतवार से मनुष्यों एवं पशुओं को त्वचा रोग (डरमेटाइटिस), अस्थमा ब्रोंकाइटिस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं, इसलिए इसके नियंत्रण के लिए जन भागीदारी आवश्यक है। प्रबंधन के लिए इसका फूल आने से पहले ही पौधे को उखाड़ कर कंपोस्ट बना देना चाहिए। इसे विस्थापित करने के लिए चकोड़, गेंदा जैसे प्रतिस्पर्धी पौधों के बीजों का रोपण करना चाहिए। अकृषित क्षेत्रों में वैज्ञानिक परामर्श के अनुरूप ग्लाइफोसेट या 2, 4 डी शाकनाशी का छिड़काव करना चाहिए। इसे उखाड़ने के लिए हाथ में दस्ताना या प्लास्टिक कवर का प्रयोग करना चाहिए। पार्थेनियम को गाजर घास या चटक चांदनी के नाम से भी जाना जाता है जो पूरे भारत में लगभग 350 लाख हेक्टेयर भूमि में अपने पांव पसार चुका है। इसके फूलों में बीज की संख्या इतनी अधिक होती है कि एक पौधा 25 से 50 हजार तक पौधे तैयार कर सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### छात्राओं ने सीखे आत्म रक्षा के गुर



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन राजकीयकृत मध्य विधालय चातमबाड़ी में अध्ययनरत छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा व्यायाम के माध्यम से कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के छात्राओं को कराटे प्रशिक्षण दिया गया।जिसमें पंचेस्,ब्लॉक्स,किकस्,एल्बोस् इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि कराटे एक ऐसी कला है कि जिसके माध्यम से शारिरिक सुरक्षा के साथ - साथ आत्मरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, शिक्षिका रीता साहु एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली में जल्द शुरू होगा दिव्यांगों के लिए शिविर

**सिल्ली।** बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली में विकलांग तीरंदाजों का जल्दी ही शिविर का उद्घाटन किया जाएगा। इस शिविर में दूर दराज से आए हुए विकलांग भाग लेंगे। बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली में पहली बार विकलांगों के लिए प्रत्येक सुविधा उपलब्ध किया जाएगा।इधर जानकारी मिलते ही विकलांग सिल्ली प्रखंड एवं रामगढ़ जिला से आना शुरू कर दिए हैं जिनका स्वागत तीरंदाजी कोच प्रकाश राम एवं शिशिर महतो ने किया।दूसरी ओर झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि तीरंदाजी के सहारे बच्चे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।विकलांग जहां जिनका कोई सहारा नहीं होता है वहीं तीरंदाजी के सहारे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।

### सीयूजे में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन प्रक्रिया 25 अगस्त से

**रांची।** झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय रांची में 2025-26 सत्र में चार वर्षीय स्नातक की विभिन्न कोर्स में प्रथम चरण के नामांकन प्रक्रिया के बाद आठ पाठ्यक्रमों में पूर्ण नामांकन हो चुके हैं। बाकी 11 पाठ्यक्रमों के 112 रिक्त सीटों के लिए द्वितीय चरण की डायनेमिक नामांकन प्रक्रिया 25 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगी। 11 विषयों में रिक्त सीटों के लिए नामांकन किया जा रहा है, इसमें चार वर्षीय बीएससी- जियोग्राफी (भूगोल), पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान (फिजिक्स), गणित। चार वर्षीय बीए - जन संचार (मास कम्युनिकेशन), हिंदी, कोरियन भाषा, चीनी भाषा (चाइनीज), एंथ्रोपॉलजी (मानव विज्ञान शास्त्र), और अर्थशास्त्र। चार वर्षीय बी टेक - मेटेलर्जिकल एंड मटेरियल इंजीनियरिंग जो भी विद्यार्थी जन संचार (मास कम्युनिकेशन) में एडमिशन के लिए इच्छुक है उनके लिए एक घोषणा है। सीयूईटी के पोर्टल में डोमेन/जनरल/ऑप्शनल लैंग्वेज मैप्ड टू द प्रोग्राम्स ऑफर्ड सेक्शन में मास मीडिया/मास कम्युनिकेशन (318) एंड (ल्ल)ि जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट (501) की जगह मास मीडिया/मास कम्युनिकेशन (318) या (डफ) जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट (501) पढ़ा जाए। सभी अभ्यर्थी इस हिसाब से अपने फॉर्म भर सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत



**रांची।** रातू थानाक्षेत्र के राजश्री मैरिज हॉल के समीप हुए सड़क हादसे में चान्हो थानाक्षेत्र के पतरातु निवासी अजय साहू पिता स्व भोला साहू नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### रांचीनगर निगम कोर्ट को गुमराह करने में लगा है : अमृतेश पाठक

**रांची।** कांके डैम संरक्षण समिति के संरक्षक व रांची शहर नागरिक मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट ने कांके डैम, बड़ा तलाब समेत अन्य सभी जलाशयों को प्रदुषण और अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर सुनवाई की खबर छपी है। इसमें सरकार और नगर निगम की ओर से वकीलों ने हाईकोर्ट के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि उनकी ओर से लगातार अतिक्रमण और प्रदुषण को हटाने को लेकर कार्रवाई की जा रही है जो कि बिलकुल ही झूठ और गलत है तथा कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश मात्र है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से कांके डैम संरक्षण समिति, जलाशय बचाओ अभियान समिति तथा रांची शहर नागरिक मंच के द्वारा कांके डैम को अतिक्रमण और प्रदुषण से मुक्त करने के लिए आंदोलन चलाया गया। पूर्व में मंत्री रहे मिथिलेश ठाकुर विभाग के अधिकारियों और नगर निगम के अधिकारियों के साथ डैम की भयावह स्थिति देखकर बोले कि छः महीने में सबकुछ ठीक हो जाएगा। रांची के सांसद और विधायक भी स्थिति देखकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द इसे ठीक किया जाए। सांसद ने तो यहां तक कहा कि निगम को यदि किसी मशीन या पैसे की जरूरत है तो बताएं वे उसकी भी व्यवस्था करेंगे। फिर रिमांइडर भेजा गया लेकिन उसे कचरा में फेंक दिया गया। अतिक्रमण हटाने या रांची शहर के विभिन्न नालों के साथ कचरा मल-मूत्र या पालीथीन समेत अन्य हानिकारक तत्वों के डैम में सीधे प्रवेश पर कोई काम नहीं हुआ।

### खलारी पहाड़ी मंदिर में धूमधाम से हुआ श्रीकृष्ण छट्ठी महोत्सव का समापन



**खलारी।** खलारी पहाड़ी मंदिर परिसर में मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का छट्ठी महोत्सव बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता व उनकी पत्नी सीमा गुप्ता के अलावा जिप सदस्य सरस्वती देवी उपस्थित थीं। बच्चों ने भक्ति गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। भगवान श्रीकृष्ण की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। महिलाओं ने बाल स्वरूप श्रीकृष्ण को झूला झुलाया। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया और सोहर गीत गाने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी जसवंत दुबे, आशा देवी, बृजराज दुबे, सोनू दुबे, ज्ञानी जी, दयालु जी सहित पुष्पा, विजया, सुकृति, रुचि, गायत्री देवी, रानी देवी, रीता देवी, पार्वती देवी, पूनम देवी, कमली देवी, मंजू देवी, पद्मा देवी, इंदु देवी, विमला देवी, बेबी देवी, देवंती देवी, बसंती देवी, रचना देवी, रंभा देवी, कलावती देवी, गीता देवी, बुद्धा देवी, जया देवी, बिंदा देवी और अन्य श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

छात्र छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में सफल होने पर छात्रों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** शनिवानर को राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता बालक एवं बालिका का आयोजन मांडू मध्य विद्यालय मांडू में किया गया। जिसमें वर्ग 3 से 5 और वर्ग 6 से 8 के छात्र छात्राओं के बीच चित्रांकन, सामान्य ज्ञान ,ओलंपियाड से संबंधित का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मांडू प्रखंड के सभी विद्यालयों में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के छात्र नवीन कुमार ने चित्रांकन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में दुर्गा कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । चंचल कुमारी ने सामान्य ज्ञान ओलंपियाड प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया । प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला नवीन कुमार 28 अगस्त को रामगढ़ में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उनकी सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने विद्यालय में उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया और उनका हौसले बढ़ाया । कहा कि लक्ष्य और परिश्रम करते रहो सफलता अवश्य मिलेगी । साथ ही बालिका वर्ग में दूसरा स्थान पाने पर दुर्गा कुमारी और तीसरा स्थान पाने पर चंचल कुमारी को भी सम्मानित किया गया। छात्र छात्राएं मेडल मिलने पर काफी खुश हुए और कहा कि वे मेहनत जारी रखेंगे ताकि आनेवाले समय में और भी सफलता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षक शारदानंद शर्मा, जेठूलाल मांझी, गौतम कुमार गुप्ता और बाल संसद के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बिना नक्शा पास के निर्माण कार्य पर लोगों ने जताई आपत्ति

**हजारीबाग।** शहर के कानी बाजार रोड में नगर निगम से बिना नक्शा पास कराये कार्य करने पर वर्षा इन्क्लेव में रहने वाले लोगों ने आपत्ति जताते हुए इसकी शिकायत नगर आयुक्त से की हैं। इस बाबत नगर आयुक्त को लिखित शिकायत भी दी गई है। दरअसल, नरेश चंद्र अग्रवाल के जमीन पर वर्षा इन्क्लेव नाम का अपार्टमेंट बना हैं। जिसे लोगों ने खरीदा है। उस समय लोगों को बताया गया था कि ए और बी दो ब्लॉक बनाया जाएगा और इन दोनों के बीच 15 फीट का रास्ता रहेगा। उस जमीन पर एक ब्लॉक बना। कुछ माह बाद एक ब्लॉक की खाली जमीन पर धर्मशाला का निर्माण कराया जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब अपार्टमेंट बनाने की बात कहीं गई है तो फिर धर्मशाला क्यों बनाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि 15 फीट रास्ता की जगह 12 फीट का रास्ता जमीन मालिक की ओर से दिया जा रहा है।

# कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान बने पलामू के पीसीसी पर्यवेक्षक



**बरही।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने झारखंड में जिला कांग्रेस समिति (डीसीसी) अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया संगठन सृजन 2025 के तहत शुरू कर दी है। इसी क्रम में एआईसीसी द्वारा राज्यभर में 25 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें विभिन्न जिलों में डीसीसी अध्यक्षों के चयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एआईसीसी के निर्देश के अनुसार प्रत्येक जिले के लिए तीन पीसीसी पर्यवेक्षकों की एक टीम गठित की गई है, जो नियुक्त एआईसीसी पर्यवेक्षकों के साथ मिलकर काम करेगी। इसी क्रम में कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान को पलामू जिले का पीसीसी पर्यवेक्षक बनाया गया है। इस नियुक्ति की जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने पत्राचार के माध्यम से दी ।नियुक्ति के बाद केदार पासवान ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी के. राजू, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के प्रति आभार व्यक्त किया। पलामू जिले में पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव और विनय सिन्हा दीपू को भी दी गई है। इस दौरान केदार पासवान ने कहा कि संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा ताकि कांग्रेस पार्टी की नीति को जनजन तक पहुचाया जा सके।

# न्यूज बॉक्स

## दुर्घटना को दावत दे रहे फुसरी चौक किनारे सूखे पेड़

**चरही।** प्रखंड के बहेरा पंचायत अंतर्गत चरही घटो मार्ग के फुसरी चौक पर सड़क किनारे वर्षों से सूखा पेड़ खड़ा है। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार वन -विभाग से लिखित और मौखिक रूप से पेड़ कटवाने को लेकर गुहार लगा चुके हैं। साथ ही पंचायत के मुखिया ने भी कई बार विभाग को अवगत कराया है कि सूखे पेड़ को समय रहते जल्द कटवाया जाए नहीं तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है। पेड़ के बगल से बिजली का तार भी ले जाया गया है। यदि तेज रफ्तार से आंधी तूफान चली तो सूखे पेड़ के टहनी राहगीरों पर गिरने कि आशंका बनी है। साथ ही बिजली के तार टूटने से बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो सकती है। अगर इन्हें नही काटा गया तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## दिव्यांग बच्चों के बीच उपकरण का वितरण

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया बीआरसी होलंग में समग्र शिक्षा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के दिव्यांग बच्चे शामिल हुए। शिविर में कुल चौदह दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों के बीच वहील चेयर, सीपी चेयर, पीएमकीट सहित अन्य उपकरण बांटे गए। शिविर के मुख्य अतिथि प्रमुख संतोष मंडल और विशिष्ट अतिथि प्रभारी बीएओ सुधीर राय थे। मुख्य अतिथि संतोष मंडल ने कहा कि सहायक उपकरण बटने से दिव्यांग बच्चों को बहुत सुविधा होगी। शिक्षा विभाग इसी तरह शिविर आयोजन कर अन्य कार्यक्रम भी करे। इस मौक़े पर ललिमा ज्योत्स्ना लकड़ा, सुरेश राम, दयाल प्रसाद, सुबोध कांत, सरिता कुमारी, रुपन सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हेसालौंग में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक

**गिद्दी।** हेसालौंग शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजदीप प्रसाद साहू और संचालन डोमन राणा ने की। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाए जाने का निर्णय लिया। साथ ही सफल बनाने के लिए दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पवन कुमार साहू अध्यक्ष, भिखराज राम, जगजीवन राम, अरुण भुइयां, राजू प्रसाद, दीपक प्रसाद उपाध्यक्ष, विनोद कुमार सचिव, छोटन राम, सुरेश प्रजापति, बलवीर प्रजापति, सूरज यादव, श्रवण राम सहसचिव, शक्ति गोप कोषाध्यक्ष, शैलेश कुमार साहू सहकोषाध्यक्ष, मुखिया सीमा देवी, पंसस मेनका देवी, उपमुखिया मनीष यादव संरक्षक चुने गए। बैठक में पूर्व मुखिया पच्चू भुइया, पूनम देवी, पच्चू राणा, उमाशंकर प्रसाद, कमल गोप, रामदेव राम, सुदर्शन मंडल, सुरेश तिवारी, राजनारायाण साहू, दिगंबर राणा, गोविंद राम, सीताराम ठाकुर, कंदू प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, बहादूर गोप सहित अन्य उपस्थित थे।

## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। डाड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया ने दीप जलाकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत किया। बाल विकास परियोजना कार्यालय ग्रामीण हजारीबाग की संगीता कुमारी और डाड़ी प्रखंड की पर्यवेक्षिका कुमारी ज्योति ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके पहले डाड़ी बीडीओ अनुप्रिया ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को संबोधित करते हुए कही कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य है बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देना है। साथ ही बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा और पोषण दोनों को एक साथ लाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विक्रमशीला के किसन गोप उपस्थित थे। डाड़ी प्रखंड की पर्यवेक्षिका कुमारी ज्योति ने बताई प्रशिक्षण कार्यकम का समापन 23 अगस्त को किया जाएगा। इस दौरान प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के उदेश्य और इसके तहत कार्य के बारे में बताया जाएगा।

## आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में चर्चित थे स्व. राजीव गांधी : मुन्ना पासवान

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला कांग्रेस कार्यालय विकास नगर में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती बुधवार को मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से रामगढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान और कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी का कार्यकाल आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में जाना जाता है। इन्होंने गरीबी उन्मूलन और सामाजिक समरसता पर विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने समय में राष्ट्र के निर्माण में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने साथ ही पंचायती राज्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अथक प्रयास किया है। इस अवसर पर जवाहर बाल मंच के प्रदेश अध्यक्ष तारीख अनवर, रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू ,पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव, मंडल अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा, मंडल अध्यक्ष पिंटू नायक, टिंकू खान, जे के अग्रवाल, खेमलाल बैठा, अनुज कुमार पासवान, विनोद गुप्ता, आजाद कुमार आदि उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड में खिलाड़ियों ने कई स्पर्धाओं में मारी बाजी

**कटकमसांडी।** खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तीसरे दिन कटकमसांडी प्लस टू हाई स्कूल के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। कई स्पर्धाओं में यहां के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तीन हजार मीटर दौड़ स्पर्धा में प्लस टू उच्च विद्यालय का शानदार प्रदर्शन रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग में पूजा कच्छप ने प्रथम स्थान हासिल कर प्रखंड की टॉपर बनी । अंडर-19 बालिका वर्ग में इसी स्कूल की राखी कुमारी प्रथम रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग मे प्लस टू हाई स्कूल के राहुल कुमार पहले और आरसी मिशन डांटो के आकाश कुमार दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 3000 मीटर अंडर-19 लड़का वर्ग में विकास कुमार पहले और आरसी मिशन डांटो के ओमप्रकाश राणा दूसरे स्थान पर रहे। उसी प्रकार 1500 मीटर दौड़ के अंडर-17 लड़का वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल के चोरेन मुंडा प्रथम और आरसी मिशन डांटो के सूरज दूसरे और डांटो हाई स्कूल के पंकज ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। जबकि अंडर-17 लड़की वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल की पूजा कच्छप ने बाजी मारी, वही कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की करीना दूसरे और डांटो कला की नीतू कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं।अंडर-19 बालक वर्ग में यूपीजी डांटो कला के शुभम कुमार प्रथम, प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी के धनराज कुमार दूसरे और यूएचएस आराभुसाई के मो. वारिस तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 बालिका वर्ग में प्लस टू हाई स्कूल की मार्था नाग प्रथम, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की नेहा द्वितीय और यूपीजी डांटो की रोहिणी तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता में यूपीजी प्लस टू हाई स्कूल डांटो और प्लस टू हाई स्कूल ढोठवा के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। इसमें डांटो की टीम ने एक गोल से जीत दर्ज की।

## कटकमसांडी प्रखंड में भारी बारिश से गिरा पोल, बिजली बाधित



**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. कई गांवों में सड़कों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी बह रहा है, जिससे आवागमन ठप हो गया है. खासकर बाझा गांव और कटकमसांडी सब स्टेशन के पास सड़कों पर दो फीट तक पानी जमा हो गया है. प्रखंड के बलबल नदी पूरी तरह उफान पर है. ग्रामीणों को घरों में दुबककर रहने को मजबूर होना पड़ रहा है. भारी बारिश के कारण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था भी चरमरा गयी है. बाझा गांव में बिजली के पोल गिर जाने से प्रखंड के बरगड़ा, बहिमार, सारुगारू, खूबूदिया टांड़, डामोडीह, बाझा और उरीतीरी जैसे कई गांव अंधेरे में डूब गये हैं. बिजली नहीं रहने से लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है. छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और रात में किसी भी तरह की गतिविधि लगभग ठप हो गयी है. विद्युत सहायक अभियंता कृष्ण प्रजापति ने जानकारी दी कि जहां-जहां तकनीकी गड़बड़ी हुई है, वहां बिजली विभाग की टीम काम कर रही है. विभाग का प्रयास है कि जल्द से जल्द स्थिति सामान्य की जाय और प्रभावित गांवों में बिजली बहाल हो सके. नोट बॉक्स में लेना है हजारीबाग. हजारीबाग जिले में शुक्रवार की सुबह तक औसत 28.8 एमएम बारिश रिकॉर्ड दर्ज किया गया. कई क्षेत्रों में लगातार बारिश की वजह से जल जमाव की स्थिति पैदा हो गया है. किस प्रखंड में कितना बारिश हुआ दारू 26 एमएम चुरचू 44 एमएम डाडी 31.8 एमएम बड़कागांव 42.6 एमएम केरेडारी 50.8 एमएम विष्णुगढ़ 42.6 एमएम टाटीझरिया 8.6 एमएम कटकमसांडी 32 एमएम कटकमदाग 36.8 एमएम बरकट्ठा 15.6 एमएम पदमा 48.6 एमएम चलकुशा 23.4 एमसम मापा गया।

वर्षा से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त ने कराया अवगत कहा

# सभी विभाग हर समस्याओं से निबटने के लिए रहें तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

- **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी अलर्ट पर सभी पदाधिकारी सतर्क रहेंगे एवं तत्काल आवश्यक कदम उठाएंगे**



**हजारीबाग।** जिले में भारी वर्षा से उत्पन्न संभावित समस्याओं के समाधान एवं आपदा प्रबंधन की तैयारी को लेकर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों को सतर्क एवं तत्पर रहने का आदेश जारी किया है। उपायुक्त ने भारी वर्षा की स्थिति में जलजमाव, सड़क एवं पुल-पुलियों की क्षति, विद्युत आपूर्ति बाधित होने, जलजनित बीमारियों के फैलाव तथा अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना होगा। सभी विगभाग किसी स्मस्याओं से निबटने के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने विशेष रूप से सभी प्रखंडों में नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखने एवं प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी प्रखंडों में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर किसी भी आपात स्थिति की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी अलर्ट पर सभी पदाधिकारी सतर्क रहेंगे एवं तत्काल आवश्यक कदम उठाएंगे। जलजमाव एवं नदियों की निगरानी – नदियों, तालाबों, पुल-पुलियों एवं जलाशयों की सतत निगरानी की जाएगी। खतरे वाले स्थानों पर चौकीदार/गार्ड की प्रतिनियुक्ति होगी तथा पंचायत स्तर पर तैयार रखी जाएगी। स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण – वर्षा से उत्पन्न बीमारियों (सांप काटने, डायरिया, मलेरिया, टायफाइड आदि) की रोकथाम हेतु सभी अस्पतालों में दवाओं एवं एंटी वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। मेडिकल टीम अलर्ट पर रहेगी। शहरी एवं ग्रामीण सफाई व्यवस्था – नगर आयुक्त एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी नालों की सफाई, कचरा निस्तारण एवं जलजमाव की समस्या का समाधान तुरंत करेंगे। तकनीकी विभाग की भूमिका – पुराने पुल, तटबंध एवं अन्य संरचनाओं की जांच कर आवश्यक मरम्मत की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के घर, सड़क एवं फसल का सर्वेक्षण किया जाएगा। यातायात एवं सड़क सुरक्षा – जलजमाव एवं सड़क क्षति की स्थिति में आवागमन प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार रखे जाएंगे। समन्वय एवं नियंत्रण कक्ष – जिला एवं प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष सतत संचालित रहेगा और किसी भी प्रकार की आपदा सूचना पर तत्काल कार्रवाई होगी। विद्युत विभाग की जिम्मेदारी – जलभराव, पेड़ या पोल गिरने जैसी स्थिति में विद्युत आपूर्ति को तत्काल बंद कर आवश्यक सावधानी बरती जाएगी। उपायुक्त ने सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करने तथा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर आवश्यक सावधानियां अपनाने हेतु प्रेरित करने का आदेश दिया है।

## 13 वें शांतिधारा फाउंडेशन के सम्मान से सम्मानित हुए चार प्रबुद्ध लोग

**रामगढ़।** शांतिधारा फ़ाउन्डेशन का 13 वाँ सम्मान समारोह गाँधी चौक स्थित होटल स्पाइस गार्डन में बुधवार को संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता और संचालन संस्थापक सह अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल ने किया। जबकि, स्वागत भाषण कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन तेजींदर सिंह सोनी ने किया। सम्मानित किए जाने वालों का परिचय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर परसरामपुरिया, मानद सचिव मनजीत साहनी, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल और माणिक चंद जैन ने प्रस्तुत किया। समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ के चन्द्रा और उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि निष्ठा, संकल्प और समर्पण से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जीवन में सफलता मिल सकती है। समारोह में उपाध्यक्ष रमन मेहरा, रतन कुमार जैन, राजेश कुमार अग्रवाल, आनन्द चौधरी, बाल कृष्ण जालान ओंकार मल्होत्रा, जीवन मल जैन, अजय कुमार अग्रवाल, उमेश राजगढ़िया, पवन कुमार अग्रवाल, मधु अग्रवाल, अरुणा जैन, डॉ रेणु अग्रवाल, पूनम सिंह, निशा जैन, रिद्धि जैन, नीलम देवी, सौम्या अग्रवाल, कौशल्या कुमारी ( अधिवक्ता ), राजेंद्र जैन, योगेश जैन, प्रो तारा शंकर अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, धर्मवीर अग्रवाल, सुरेश चंद अग्रवाल, अनिकेत अग्रवाल, सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इन समाजसेवियों को मिला सम्मानः 13 वाँ शांतिधारा शिखर सम्मान 2025 शिक्षक प्रमोद अग्रवाल, भाप्रसे ( अवकाश प्राप्त ) कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक, शांतिधारा वयो श्री ( 75 प्लस ) सम्मान हरक चंद जैन ( 81 वर्ष ), शांतिधारा चिकित्सा सम्मान डॉ के के सिंह, पूर्व ब्लड बैंक प्रभारी, रिम्स राँची, सीनियर पैथोलॉजीसट और शांतिधारा शिक्षा सम्मान डॉ सुनील कुमार अग्रवाल, डीन फ़ैकल्टी ऑफ कॉमर्स विनोबा भावे विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया। चारों लोगों को सजावटी पौधा, भगवद्गीता, शॉल और सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## विष्णुगढ़ के डुमरियाटांड के जंगल में हाथियों के झुंड ने दी दस्तक

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के मड़मो पंचायत अंतर्गत डुमरियाटांड के जंगल में जंगली हाथियों के झुंड ने दस्तक दी है। सुबह जब ग्रामीण जंगल की ओर गए तो देखा कि करीब आधा दर्जन हाथियों का झुंड जंगल में मौजूद है। ग्रामीणों ने बताया कि झुंड में तीन व्यस्क तथा तीन बच्चा हाथी शामिल हैं। मड़मो गांव के सीमाना के पास हाथियों के आ धमकने से ग्रामीण काफी भयभीत है।

लोगों को आशंका है कि दिन ढ़लने के बाद झुंड गांव में घुसकर तबाही मचा सकते हैं। इसके अलावा खेतों में लगी धान, मकई के अलावा साग-सब्जियों की फसल को बर्बाद भी कर सकते हैं। जंगल में हाथियों का झुंड देखे जाने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण उन्हें देखने के लिए पहुंचने लगे और उनकी गतिविधियों को मोबाइल कैमरे में कैद करते नजर आए। उपमुखिया प्रतिनिधि अरविंद मेहता ने बताया कि हाथियों के झुंड के डुमरी के भरखर जंगल होते हुए पहुंचने की संभावना है। डुमरी वन प्रक्षेत्र के वनकर्मियों ने झुंड को खदेड़कर मड़मो जंगल की ओर कर दिया है।

## राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए कजीबावि बरकट्ठा की छात्रा आइशा का राज्य स्तर पर चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

- **राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित होने पर वार्डन ने जताया हर्ष**



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयबरकट्ठा की छात्रा आइशा प्रवीण का चयन 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए राज्य स्तर पर किया गया है। जानकारी देते हुए वार्डेन अंजू बाला केरकेट्टा ने बताया कि 22 अगस्त को जिला स्तर पर उक्त प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था, जिसमें बरकट्ठा प्रखंड से हमारे विद्यालय की वर्ग दशम की छात्रा आइशा प्रवीण का चयन" सुखा एवं गीला कचरा के पृथक्करण" विषय पर किया गया ।इस प्रदर्शनी का आयोजन श्री कृष्णा आरक्षी बाल उच्च विद्यालय हजारीबाग में किया गया था। बताया कि राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए 23 अगस्त की तिथि निर्धारित है। यह प्रदर्शनी अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल रांची में आयोजित होगी ।इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आइशा ने पूरी तैयारी कर ली है और आशा है कि इस प्रदर्शनी में वह बेहतर परिणाम लाएगी ।वहीं विद्यालय के सभी शिक्षक /शिक्षिकाओं ने राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## इचाक में एक ही रात स्कूल समेत तीन गांव के पांच घरों में चोरी

**हजारीबाग।** इचाक प्रतिनिधि। चोरों ने एक ही रात स्कूल समेत तीन गांव के पांच घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ा दी है। इस बाबत हसेल गांव के रूपेंद्र भगवान कुशवाहा, बरकी कला जतांगबागी के जोधन महतो, मनोज मेहता ने थाना में आवेदन दिया हैं। नव प्राथमिक स्कूल हसेल के प्रभारी प्रधानाध्यापिका रीता कुमारी ने बताया कि चोर स्कूल के मुख्य गेट के सिटकनी को अंदर और बाहर से तार से जकड़ दिया था। हालांकि कुछ भी चुराने में कामयाब नहीं हो सके। इधर चोरी की घटना को लेकर रूपेंद्र रजवार ने थाना में आवेदन दिया है जिसमें कहा है कि वे किसी काम से बाहर गये थे। घर खाली देखकर चोर मुख्य दरवाजा के ताला काटकर अंदर प्रवेश किया और सभी कमरे का ताला तोड़कर गोदरेज अलमीरा और बक्सा में रखा करीब 10 से 12 लाख के जेवरात और इलेक्ट्रॉनिक सामानों की चोरी कर ली।

जांच शिविर | राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन

# जांच के उपरांत 28 बच्चों में इस बीमारी की हुई पुष्टि

- **डॉ पल्लवी कौशल द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत शनिवार को डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद सिविल सर्जन रामगढ़ एवं डॉ० तुलिका रानी, जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ के संयुक्त नेतृत्व में मध्य विद्यालय भरेचनगर सांडी मांडू में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। कुल मिलाकर 78 बच्चे की जांच डॉ पल्लवी कौशल डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट एवं एएएम सांडी सपना कुमारी द्वारा की गई। कुल 44 बच्चों में जांच उपरान्त लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर एलटी जीतेन्द्र कुमार द्वारा जांच के उपरान्त 28 बच्चों में इस बीमारी कि पुष्टि हुई। शिविर में जांच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कूल के स्टाफ को दी गई। डॉ पल्लवी कौशल द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं। साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी जिससे की शरीर में फ्लोराइड इक्टठा नही होता हैं। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच करवा सकता हैं। शिविर को सफल बनाने में संबंधित क्षेत्र की सीएचओ, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा योगदान दिया गया ।

## मवेशी चोर के खौफ से ग्रामीण परेशान

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र के जगड़ा, पोखरिया और मोकतमा गांव के किसान और मवेशी पालको के पांच मवेशियों की चोरी मवेशी चोरों ने कर ली ।मवेशी चोरों ने घटना को मंगलवार बुधवार की रात अंजाम दिया। मवेशी पालक जब सुबह चारा देने गोहाल पहुंचे तो मवेशी गायब देख हैरान रह गए। लोगों ने मवेशियों की खोज भी अगल-बगल किया, कहीं पता नहीं चलने पर थाना में इसकी सूचना दे दी है। जिन ग्रामीणों के मवेशी चोरी हुए उनमें जगड़ा गांव के तालेश्वर प्रसाद मेहता का बैल, पोखरिया गांव के संतोष मेहता के दो गाय, घनश्याम प्रसाद मेहता के एक बैल चोर साथ ले गए। इधर चोरों ने मोकतमा गांव से एक अन्य किसान का बैल चुरा ले गए। घटना को लेकर किसानों और मवेशी पालक चिंतित हैं।

# गणेश पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सदर थाना परिसर में शनिवार को गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने की। इसमें शहर के सभी पूजा समितियों के पदाधिकारी और युवा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष गणेश महोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त से होगी, जो पांच दिनों तक चलेगा। महोत्सव का समापन 3 सितंबर को गणेश प्रतिमा विसर्जन के साथ किया जाएगा। इस दौरान विधि-व्यवस्था और शांति बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।थाना प्रभारी ने पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विसर्जन शोभायात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से निकालने की अपील की गई। साथ ही यह भी स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसी प्रकार का अश्लील गाना नहीं बजाया जाएगा और ध्वनि प्रदूषण पर भी नियंत्रण रखा जाएगा।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने कहा कि गणेश महोत्सव आस्था और भाईचारे का प्रतीक है।

# आईटीआई के 54 छात्रों को मिली नौकरी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** आईटीआई कॉलेज के 54 छात्रों को प्लेसमेंट के माध्यम से निजी क्षेत्र में नौकरी मिली है। सभी छात्रों को डोन बॉस्को जॉब प्लेसमेंट नेटवर्क के तहत हैदराबाद स्थित एक कंपनी में नौकरी दी गई। बुधवार को सभी छात्रों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महिला आईटीआई कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य सुरेश उरांव, बानो आईटीआई कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य जुनूल होरो, सीटीओ यदुनाथ टुडू, सुनील लुगुन उपस्थित थे। नियुक्त पत्र पाकर सभी छात्रों के चेहरे में खिल उठे। अतिथियों ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। आज नौकरी पाने वाले छात्रों के लिए उन संघर्ष, सपने एवं मेहनत का जश्न है जो आप सभी ने यहां तक पहुंचने के लिए देखा और पूरा किया। उन्होंने कहा कि मंजिल उसी को मिलती है जो अपने कदम डगमगाने नहीं देता। मौके पर प्रशांत कुमार नायक, मुकेश कुमार साहु, अनिल कुमार सिंह, आनंद कुमार, रवि कुमार,चंद्रदीप तिग्गा, प्रफुल्ल टेटे, निर्मल कुजूर, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**सिमडेगा।** पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने बुधवार को हत्या के एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावे आरोपी पर 20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। कुरडेग थाना में दर्ज कांड संख्या 16/22 की सुनवाई करते हुए पीडीजे ने दोनों पक्षों की गवाही सुनने के बाद आरोपी इसिदोर तिग्गा को दोषी करार देते हुए आजीवन कैद की सजा सुनाई। घटना के संबंध में बताया गया कि 22 मई 2022 की रात को आरोपी इसिदोर तिग्गा ने अपने परिचित विजय तिर्की की लाठी से पीटकर हत्या कर दी थी। बताया गया कि मृतक विजय तिर्की अपने दोस्त इसिदोर तिग्गा के घर में पिछले एक सप्ताह से रह रहा था और इसी क्रम में 22 मई की रात को इसिदोर ने घर के आंगन में ही लात घूंसा और लाठी से पीटकर विजय की हत्या कर दी थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पीपी अमर कुमार चौधरी ने दलीलें पेश की।

## सिमडेगा डीसी और एसपी ने चार प्रखंडों का किया निरीक्षण

# विकास योजनाओं और कानून व्यवस्था पर पदाधिकारियों को दिए कई सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने शनिवार को बांसजोर, ठेठईटांगर, केरसई एवं कुरडेग प्रखंड कार्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बांसजोर थाना, ठेठईटांगर थाना, ठेठईटांगर अस्पताल, केरसई थाना, केरसई अस्पताल, कुरडेग थाना, कुरडेग अस्पताल एवं कुरडेग कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण कर वहां की विधि व्यवस्था की स्थिति की जायज लिया तथा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इस क्रम में उपायुक्त ने बांसजोर प्रखंड सभागार में मनरेगा एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बांसजोर चेक पोस्ट के समीप खराब सड़क की समस्या को देखते हुए प्रखंड कार्यालय के सामने मुख्य सड़क से वाहनों का आवागमन प्रारंभ कराने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।इसके साथ ही उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बांसजोर थाना का निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। दोनों अधिकारियों ने ठेठईटांगर थाना का भी निरीक्षण किया और थाना परिसर में लंबे समय से रखी जब्त गाड़ियों की नीलामी कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बेहतर पुलिसिंग एवं विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।इस दौरान उन्होंने अस्पताल संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए डॉक्टरों एवं एएनएम की उपस्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त महोदया ने ठेठईटांगर स्थित नव-निर्मित 50 शैय्या वाले अस्पताल भवन का निरीक्षण कर शीघ्र संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कुरडेग अस्पताल का भी निरीक्षण किया, जहां कुपोषण उपचार केंद्र का विशेष रूप से अवलोकन किया। उन्होंने वहां भर्ती बच्चों की स्थिति की जानकारी ली और बच्चों की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी से उपायुक्त ने कहा कि अस्पतालों की सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कुरडेग प्रखंड सभागार में प्रखंड कर्मीयों संग बैठक की। बैठक में प्रखंड अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कुरडेग प्रखंड के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्र में लोकल स्तर पर अंडा उत्पादन कर सप्लाई करने की दिशा में कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ कुरडेग क्षेत्र में उत्पादन किए जाने वाले सुगंधित चावल को अधिक मात्रा में उत्पादन करते हुए चावल दूसरे शहरों में निर्यात करने हेतु आवश्यक चर्चाएं की गई। इस दौरान बैठक समाप्ति के बाद कुरडेग प्रखंड कार्यालय में बेहतर कार्य करने वाले दो कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र देकर एवं शोल ओढ़कर कर सम्मानित किया।इसके बाद उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुरडेग का भी निरीक्षण किया गया। उपायुक्त महोदया ने वार्डेन से स्कूल संचालन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में केरसई एवं कुरडेग दोनों प्रखंडों के बच्चे पढ़ते हैं। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बच्चों संग विद्यालय में होने वाली शाम की प्रार्थना में शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि प्रतिदिन संध्या के समय विद्यालय कीओर गस्ती करेंगे। निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# उर्वरक विक्रेताओं को जिला कृषि पदाधिकारी की सख्त चेतावनी



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त सिमडेगा के निर्देशानुसार जिला कृषि कार्यालय परिसर में उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी माधुरी टोप्पो ने की। इस दौरान उन्होंने सभी विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में किसानों से सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर उर्वरकों की बिक्री नहीं की जाएगी। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी, अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर अनुदानित उत्पाद की जबरन बिक्री तथा बिना पोस मशीन में एंट्री किए उर्वरकों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।जिला कृषि पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि कोई विक्रेता उक्त नियमों का उल्लंघन करते पाया गया, तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सभी विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि अपने प्रतिष्ठान में नाम पट्टिका, भंडार तालिका एवं दर सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में कई अनुज्ञप्तिधारक उपस्थित थे।

# मोर पुलिस मोय पुलिस के तहत ग्रामीणों से बातचीत और विश्वास बढ़ाने पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कम्युनिटी पुलिसिंग "मोर पुलिस मोय पुलिस" के तहत शनिवार को पाकरटांड़ थाना क्षेत्र के कैरबेड़ा, महबूआंग पंचायत के बेड़ाईरगी तथा बांसजोर प्रखंड के कोमबाकेरा पंचायत में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।कार्यक्रम के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। साथ ही लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक भी किया गया। इनमें मानव तस्करी की रोकथाम, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी अधिकार तथा अंधविश्वास और डायन प्रथा जैसी कुरीतियों से समाज को दूर रखने जैसे विषय शामिल थे।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि "मोर पुलिस मोय पुलिस" का उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ाना है ताकि हर समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि किसी भी आपराधिक गतिविधि या सामाजिक बुराई की सूचना तुरंत पुलिस को दें।गौरतलब है कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई, लेकिन उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज हित में उपयोगी बताया। पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया कि आगे भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे।

# आशीष ब्रदर्स ओडिशा ने असजल फुटबॉल क्लब केरल को 1-0 से हराया

## टूर्नामेंट के दूसरे चरण में पहुंची टीम

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का छठा दिन शनिवार को रोमांचक मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान आशीष ब्रदर्स ओडिशा और असजल फुटबॉल क्लब केरल के बीच खेले गए मैच में आशीष ब्रदर्स ने 1-0 से जीत दर्ज कर दूसरे चरण में प्रवेश किया। खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंततः ओडिशा की टीम ने बढ़त बनाए रखते हुए जीत अपने नाम कर ली।इस मैच के मुख्य अतिथि सिमडेगा पत्रकार संघ के अध्यक्ष आशीष कुमार शास्त्री रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर पत्रकार संघ के सचिव विकास साहू, विधायक प्रतिनिधि समी आलम, तथा पत्रकार अनुज साहू अन्य अतिथि के रूप में लचरागढ़ फुटबॉल खेल समिति के उपाध्यक्ष आशीष साहू मौजूद रहे। मौके पर टूर्नामेंट के मंच संचालक श्याम सुंदर मिश्रा को मुमताज आलम की ओर से उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।आयोजकों ने जानकारी दी कि रविवार, 24 अगस्त को टूर्नामेंट में दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच राउरकेला रेड ओडिशा और न्यू स्टार गड़गड़बाहर झारखंड के बीच होगा, जबकि दूसरा मुकाबला अल फतेह ठेठईटांगर झारखंड और रेड आर्मी गुमला झारखंड के बीच खेला जाएगा।टूर्नामेंट की सफलता सुनिश्चित करने में आयोजक मुमताज आलम, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अध्यक्ष मो. कयूम, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बड़ाईक, सचिव अशफाक आलम, उपाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, मो. तबरेज आलम, और मंच संचालक श्याम सुंदर मिश्रा सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

# बानो थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान, चार बाइकर का कटा चालान

नवीन मेल संवाददाता




**बानो:** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर शनिवार को बानो थाना परिसर के समक्ष थाना प्रभारी सोनू कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की।जांच अभियान में बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए चार बाइकर पकड़े गए, जिनका मौके पर चालान काटा गया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि वाहन जांच के क्रम में ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और अन्य कागजातों की भी गहनता से जांच की गई। साथ ही ब्रीथ एनालाइजर मशीन से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की भी जांच की गई, हालांकि इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते कोई चालक पकड़ा नहीं गया।इसके अलावा थाना प्रभारी ने विशेष रूप से सभी टेम्पु चालकों को हिदायत दी कि अपने वाहन के दाहिनी ओर लोहे की रॉड की वेल्डिंग दो दिनों के अंदर अवश्य करा लें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि समय सीमा के बाद पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जांच अभियान में एएसआई सतनारायण कुमार, पु.अ.नि. सतीश चंद्र महतो समेत पुलिस बल के जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# कोलेबिरा में युवती ने खाया जहर अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर गांव में शुक्रवार को एक युवती ने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।मृतका की पहचान शिवनाथपुर निवासी शकुंतला प्रधान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शकुंतला की पहली शादी पंडरीपानी, करंज टोली थाना टीकमगढ़ निवासी स्वर्गीय सूरजन प्रधान से हुई थी। इस विवाह से उसके दो छोटे बच्चे भी हैं। करीब एक वर्ष पूर्व सूरजन प्रधान की बीमारी से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद शकुंतला तीन माह पूर्व शिवनाथपुर निवासी जीतू सिंह के साथ प्रेम प्रसंग में आकर उसके घर में रहने लगी। इधर जब पति खेत की ओर गया था तब वह कीटनाशक का सेवन कर ली जब तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया जहां पर मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भारी बारिश से कोंडेकरा निवासी का घर गिरा भाजपा नेता मुनेश्वर तिर्की ने ली जायजा

**कोलेबिरा।** प्रखंड के शाहपुर पंचायत अंतर्गत कोंडेकरा गांव में शनिवार सुबह भारी बारिश के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। ग्राम निवासी सुर्वती देवी, पति नारायण सिंह का कच्चा मकान अचानक धराशायी हो गया। घटना में परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए, हालांकि घर के गिर जाने से परिवार बेघर हो गया है।ग्रामीण सरवन लोहरा ने घटना की जानकारी भाजपा नेता मुनेश्वर तिर्की को दी। सूचना मिलते ही मुनेश्वर तिर्की मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन से समुचित मुआवजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।नेता ने कहा कि लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और प्रशासन को तुरंत राहत व पुनर्वास की दिशा में कदम उठाना चाहिए।इस मौके पर महेश सिंह, श्रवण लोहरा, नितेश सिंह और राजन राम सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाजार का जर्जर शेड बना हादसे का कारण, प्रशासन मौन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के सिम्हातु पंचायत अंतर्गत जामटोली बाजार का शेड इन दिनों पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। यह बाजार हर गुरुवार को लगता है, जिसमें सिम्हातु, बेडाइरगी और सोय पंचायत समेत आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए खरीद-बिक्री करने आते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि बाजार शेड की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोहे और टिन से बना यह शेड अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जहां जगह-जगह से टिन उखड़ गए हैं और लोहे की सरिया बाहर झांक रही है। बाजार के दौरान दुकानदारों को मजबूरन प्लास्टिक लगाकर दुकान सजानी पड़ती है।सिम्हातु पंचायत के मुखिया लॉरेंस बागे ने बताया कि बाजार शेड की मरम्मत और नए निर्माण को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों से लिखित मांग की गई है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि हजारों लोगों की भीड़ हर हफ्ते इस बाजार में जुटती है, ऐसे में शेड गिरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बाजार शेड की मरम्मत कराई जाए या फिर नया शेड बनवाने की व्यवस्था की जाए, ताकि बाजार आने वाले दुकानदार और खरीदार सुरक्षित रह सकें। फिलहाल इस जर्जर शेड के कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

# दुर्गा पूजा समिति तामड़ा की हुई बैठक विजय केशरी बने समिति के अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** तामड़ा दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा उत्सव को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विजय केशरी को समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अशोक केशरी और अमृत केशरी का चयन हुआ। समिति के सचिव का दायित्व जितेंद्र पूरी को सौंपा गया जबकि उप सचिव के रूप में विकास साहू को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी छटकु केशरी को दी गई तथा उप कोषाध्यक्ष सोनू केशरी बनाए गए।समिति ने संरक्षक मंडल का भी गठन किया जिसमें अशोक गुप्ता, कृष्णा केशरी, सुंदर साव और रविन्द्र सिंह,रघुवंश केशरी को शामिल किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन विशेष रूप से भव्य और आकर्षक तरीके से किया जाएगा। पूजा पंडाल की सजावट, भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन तथा सुरक्षा-व्यवस्था की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि की नवमी तिथि को माता दुर्गा के चरणों में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से भी भजन मंडलियों को आमंत्रित किया जाएगा। भक्तिमय वातावरण में पूरी रात देवी भजनों और कीर्तन से गुंजायमान रहेगा।बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि तामड़ा दुर्गा पूजा समिति इस बार श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करेगी और पूरे क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सामूहिक उत्सव का संदेश प्रसारित होगा।

# कनारोवां पंचायत भवन में अबुआ साथियों की बैठक संपन्न

## ग्राम विकास को लेकर साझा हुआ संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कनारोवां स्थित पंचायत भवन में शनिवार को अबुआ साथियों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत क्षेत्र के सभी तीन राजस्व ग्राम से पाँच-पाँच अबुआ साथी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत परिचय सत्र से की गई, जिसके बाद सभी साथियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए।अबुआ साथियों ने बताया कि वे पूर्व से ही ग्राम सभा के कार्यों में सहयोग करते आ रहे हैं, जैसे बैठक बुलाना, प्रस्ताव लिखना, दस्तावेजीकरण करना, समितियों का संचालन और गांव में सुख-दुख में भागीदारी करना। बैठक में यह सहमति बनी कि गांव के विकास कार्यों और सांस्कृतिक परंपराओं को बचाए रखने के लिए अबुआ साथी निस्वार्थ भाव से योगदान देंगे।चर्चा के क्रम में यह भी तय किया गया कि ग्राम सभा को और बेहतर ढंग से संचालित करने, वंचित परिवारों की सूची बनाने और परंपरागत रीति-रिवाज को कायम रखने के लिए कुछ सामुदायिक नेताओं का चयन आवश्यक है। साथियों ने निर्णय लिया कि ऐसे नेतृत्वकर्ताओं की पहचान कर उन्हें हर माह बैठक में शामिल करते हुए आगे की रणनीति बनाई जाएगी।फिया फाउंडेशन के कार्यकर्ता मंतोष चौधरी ने कहा कि अबुआ साथी को उनके नाम से नहीं बल्कि कार्यों से पहचाना जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि पंचायत में 15 से 20 सामुदायिक नेताओं को ग्राम सभा के माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है और इन्हें तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# लगातार बारिश से सिमडेगा का जनजीवन अस्त-व्यस्त, निचले इलाकों में बढ़ा खतरा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर सिमडेगा जिले में साफ दिखाई दे रहा है। पिछले दो-तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश ने लोगों का जीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है।बारिश के कारण सड़कों पर जलजमाव हो गया है, पुल-पुलिया और नदी-नाले लबालब भर चुके हैं। निचले इलाकों में पानी भरने से कई घरों में पानी घुसने का खतरा मंडरा रहा है। खेत भी तालाब जैसे नजर आने लगे हैं, जिससे खेती कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। लोग अपने रोजमर्रा के कामों से वंचित हो गए हैं और अधिकांश घरों में दुबके हुए हैं।लगातार बारिश से सड़कों में कटाव और कच्चे मकानों में सिलन बढ़ गई है। कई स्थानों पर घरों के गिरने का खतरा मंडराने लगा है। इसके साथ ही बिलों और गड्ढों में पानी भर जाने से सर्पदंश का भी खतरा बढ़ गया है। ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख ने कच्चे घरों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की है।मौसम विभाग का कहना है कि अगले एक-दो दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो लोगों की मुश्किलें और बढ़ेंगी तथा कच्चे मकानों के ध्वस्त होने की घटनाएं भी सामने आ सकती हैं।

# बोकारो में छात्र पर एसिड अटैक! घर से एक किलोमीटर दूर संदिग्ध हालत में मिली लाश

नवीन मेल संवाददाता



**बोकारो।** जिला में नावाडीह थाना क्षेत्र के बाराडीह गांव से 17-18 वर्षीय छात्र का शव बरामद किया गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया एसिड से जलाकर छात्र की हत्या की गई है. शरीर पर कई जगह जलने के निशान भी मिले हैं. हालांकि हत्या का कारण और हत्यारोपी का पता नहीं चल सका है. बताया जा रहा है कि बुधवार शाम से छात्र लापता था. इस बीच शुक्रवार शाम को जंगल में मवेशी चराने गए लोगों की नजर छात्र पर पड़ी. लोगों ने इसकी सूचना तुरंत गांव वालों को दी. जिसके बाद उसकी पहचान दो दिन से लापता सूरज महतो के रूप में की गई. छात्र का शव उसके घर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर जंगल से बरामद किया गया. इस घटना की सूचना मिलते ही शुक्रवार देर शाम बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, नावाडीह थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी दलबल के साथ मौके पर पहुंची. इसके बाद शव को बरामद कर छानबीन शुरू कर दी गई. पुलिस को मौके से सूरज का फोन भी मिला है. इस मामले को लेकर बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह ने बताया कि जंगल में मवेशी चराने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक लड़के की डेड बॉडी देखी गयी है. इस सूचना के तहत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया एसिड से जलाकर लड़के की हत्या हुई है, ऐसा लगा रहा है. हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का कारण स्पष्ट हो सकता है. परिजनों ने भी कुछ सुराग दिया है, जिसके आधार पर जांच की जाएगी.

## जिप सदस्या कुमकुम ने एसई से मिलकर ट्रांसफार्मर की मांग की



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घसकोडीह और बरकनगांगो गांव में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी को सूचना दी।मामले को गंभीरता से लेते हुए कुमकुम ने अविलंब हजारीबाग के एसी से मिलीं और दोनों गांव के लिए नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की। एसी ने आश्वासन दिया कि प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और यथाशीघ्र ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाएगा।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि कुमकुम देवी हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहती है। इस पहल के लिए ग्रामीणों ने उनका आभार जताया।

## न्यूज बॉक्स

### आदर्श मध्य विद्यालय बरही की 129 छात्राओं को मिली साइकिल



**बरही ।** झारखंड सरकार की कल्याण विभाग द्वारा प्रदत 129 साइकिल आदर्श मध्य विद्यालय बरही के विद्यार्थियों के बीच वितरित किया गया. वितरण कार्यक्रम बीडीओ जयपाल महतो की उपस्थिति में हुई. जिसमें मुख्य रूप प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर मौजूद थे. बीडीओ ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह एक कल्याणकारी योजना है. छात्राओं को विद्यालय आने में कोई परेशानी नही हो और नियमित विद्यालय आए, इसके लिए साइकिल उपलब्ध करवाए जाते हैं. विधायक प्रतिनिधि व प्रखंड प्रमुख ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए नियमित कक्षा में उपस्थित होने और शिक्षा ग्रहण करने को बात कही. मौके पर विद्यालय प्रधान पूनम सिन्हा, शिक्षक ब्रज भूषण इत्यादि कई लोग मौजूद थे.

### बरही के होटलों और ढाबों में चाइल्ड एक्ट का हो रहा है उल्लंघन

**बरही ।** बचपन छीन ना जाए इसके लिए सरकार ने चाइल्ड एक्ट बनाया है. इसकी निगरानी की जिम्मेवारी बाल कल्याण एजेंसी, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और ग्राम पंचायत को दिया गया है. बाबजूद बरही के होटलों और ढाबों में इसकी धज्जियां उड़ती नजर आ रही है. शहर सहित कई ढाबों व रेस्टोरेंट में बाल मजदूरी करवाई जा रही है. जिसे कभी भी देखा जा सकता है. यह सभी बाल मजदूर 18 वर्ष के नीचे के हैं. जिनसे होटलों में प्रायः जूठन धोने, टेबल साफ करने या बर्तन मांजने का काम करते हैं. यह सभी मजदूर प्रायः चतरा जिला के गिद्धौर प्रखंड के बताए जाते हैं. जानकारी के अनुसार बाल मजदूरों को होटल संचालक उनकी उचित पारिश्रमिक भी नहीं देते है. मांगे जाने पर उनके अभिभावक को देने की बात कह टाल जाते हैं. जिसे पांच छह महीने के बाद अभिभावकों को कुछेक पैसे देकर चला दिया जाता है. होटल संचालकों का बाल मजूदरों के साथ ज्यादती की कई घटनाएं बरही में देखने को मिले हैं. इस दिशा में स्थानीय प्रशासन को औचक और नियमित छापेमारी अभियान चलाने की आवश्यकता है.

### तिलैया डैम में पानी का बहाव तेज, सतर्क रहने की अपील



**बरही ।** डीवीसी तिलैया डैम में पानी का जल प्रवाह काफी तेज है. जलस्तर प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. उक्त जानकारी प्रभारी एस एम कादिर ने दी. उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात्रि फाटक खोले जाने के बाद अभी भी एक से डेढ़ फीट पानी बढ़े हैं. पानी का धार काफी तेज है. जब तक पानी का बहाव कम नहीं होता है, फाटक खुले रहेंगे. फाटक खोलने या बंद करा का निर्देश मैथन स्थित कार्यालय से उनलोगो को प्राप्त होता है. उन्होंने बताया कि डैम में जल की स्थिति सुरक्षा निशान के अंदर है. परंतु जल प्रवाह तेज होने के कारण हीं शुक्रवार को फाटक खोले गए. उन्होंने आम लोगों से एहतियातन सुरक्षा और सतर्कता बरतने की अपील किया है. विशेषकर मछुआरे, नाविक या स्टीमर चालकों को तेज जलप्रवाह में जाने से मना किया है.

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गौ सेवा




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने हरमु रोड गौशाला में गौ सेवा की। रांची समर्पण द्वारा हर महीने की अमावस को गौ सेवा किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अगस्त को गौ सेवा कराए गई। गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। गौ माता को गुड़ ,हरी सब्जी, रोटी एवं अन्य सामाग्री खिलाई गई। यह सेवा पूर्व अध्यक्ष कंचन सोमानी जी की तरफ से कराई गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, कंचन सोमानी, कविता सोमानी, वेदिका सिंघानिया समेत अन्य सदस्य मौजूद थी।

## ऑपरेशन सिंदूर में शहीद जवान के घर आई नन्ही परी राम्या को सेना में कराएंगे भर्ती : अंजलि



**धनबाद।** भारत देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद टैंक ऑपरेटर रामबाबू कुमार सिंह की पत्नी अंजलि ने 21 अगस्त 2025 को एक बेटी को जन्म दिया है. परिवार ने बच्ची का नाम राम्या रखा है, जो उनके पिता रामबाबू के नाम से जुड़ा हुआ है. बेटी के जन्म के बाद पूरे परिवार में जहां खुशी का माहौल है, वहीं शहीद की अनुपस्थिति ने सबकी आंखें नम कर दी हैं. रामबाबू हमेशा से चाहते थे कि उन्हें एक बेटी हो. किस्मत ने उनकी यह चाहत पूरी की लेकिन अफसोस यह रहा कि बेटी को देखने के लिए वे अब इस दुनिया में मौजूद नहीं हैं. शहीद की पत्नी अंजलि ने कहा कि उनके पति अक्सर कहा करते थे कि अगर बेटी होगी तो घर की रौनक बढ़ जाएगी. आज उनकी इच्छा पूरी तो हुई है, मगर दुख इस बात का है कि वह अपनी नन्हीं परी को गोद में लेने के लिए जीवित नहीं हैं लेकिन पूरे परिवार को उनकी शहादत पर गर्व है. अंजलि खुद एथलेटिक्स में गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं. उन्होंने कहा कि वह अपनी बेटी को उसी जज्बे और हौसले के साथ बड़ा करेंगी, जैसा उनके पति चाहते थे. उनके अनुसार राम्या केवल उनकी बेटी नहीं बल्कि शहीद की याद और अमानत है. रामबाबू और अंजलि का रिश्ता 2017 से शुरू हुआ था और लंबे समय तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद 14 दिसंबर 2024 को उनकी शादी हुई. लेकिन शादी के महज पांच महीने बाद ही किस्मत ने ऐसा मोड़ लिया कि 14 मई 2025 को जम्मू-कश्मीर में चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रामबाबू ने देश की रक्षा करते हुए शहादत दे दी. रामबाबू कुमार सिंह की शहादत की खबर ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया.

## चैंबर भवन में तुलसी का पौधा लगाया गया



रांची। झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति के द्वारा चैम्बर भवन में गमला में एक तुलसी का पौधा पौधरोपण किया गया। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि तुलसी का पौधा स्वच्छता का प्रतीक और सबसे शुद्ध माना जाता है जिसका इस्तेमाल भगवान को लगने वाले प्रसाद में डाला जाता है। स्वस्थ और हरा भरा पौधा वातावरण को शुद्ध करेगा। नकारात्मकताओं को खत्म करेगा। इसके पत्ता मुह में रखने से माउथ रेफ्रेशिंग का काम करता है। तुलसी के पत्ते की खासियत यह है कि खांसी में एक चम्मच काढ़ा बनाकर पी लेने से खांसी छू मंतर हो जाती है। प्रत्येक लोगों के घर में तुलसी का पौधा अवश्य लगा होता है जिसकी पूजा की जाती है।

# वन महोत्सव सुरक्षित एवं स्वच्छ भविष्य का आधार : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद वन प्रमंडल की ओर से शनिवार को पालुडीह में आयोजित वन महोत्सव का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, निरसा विधायक अरूप चटर्जी, सेल के महाप्रबंधक पर्यावरण आदित्य सिंह एवं एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद सभी गणमान्य अतिथियों ने फलदार पौधों का रोपण कर वन महोत्सव की शुरुआत की। इसके बाद उपायुक्त एवं अतिथि एमपीएल प्लांट गये जहां जमशेदजी नौसेरवानजी टाटा की प्रतीमा पर माल्यार्पण किया और अधिकारियों के साथ प्लांट का अवलोकन किया। इससे पहले "एक पेड़ मां के नाम" थीम पर आधारित इस महोत्सव में प्रतिभागियों ने मातृप्रेम को प्रकृति से जोड़ते हुए पौधारोपण किया। इसे सफल बनाने में एमपीएल (मैथन पावर लिमिटेड) और सेल (स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) की सौजन्य भूमिका रही। एमपीएल की भूमि पर इस महोत्सव कार्यक्रम एवं पौधारोपण के लिए एमपीएल एवं सेल ने न सिर्फ संसाधन उपलब्ध कराए, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दिखायी। इस दौरान स्थानीय लोगों तथा अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सैकड़ों की संख्या में फलदार पौधों लगाये गये और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गयी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण केवल आयोजन मात्र नहीं बल्कि यह आने वाले पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ भविष्य का आधार है। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सामाजिक विकास, वायुमंडल एवं धरती की सेहत के लिए वृक्षारोपण समय की मांग है। इस तरह के आयोजन से समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है।

### तीन पहिया गाड़ी चलाने के लिए भी चाहिए ड्राइविंग लाइसेंस

## ई-रिक्शा का भी होना चाहिए रजिस्ट्रेशन



**हजारीबाग।** पूरे राज्य में अचानक ई-रिक्शा की संख्या में वृद्धि हुई है. इलेक्ट्रिक ऑटो रोजगार का एक बड़ा साधन बनकर उभरा है. ई-रिक्शा चालकों को इस बात की जानकारी नहीं है कि इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने के लिए भी रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है, साथ ही चालक को भी ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता होती है. जिस तरह से दो पहिया और चार पहिया गाड़ी चलाने के लिए लाइसेंस निर्गत किया जाता है, ठीक उसी तरह तीन पहिया गाड़ी चलाने का भी लाइसेंस जिला परिवहन कार्यालय निर्गत करता है. हजारीबाग जैसे छोटे शहर में लगभग 6000 से अधिक ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन परिवहन कार्यालय से हुआ है. इससे अधिक गाड़ी सड़कों पर दौड़ रही है. ई-रिक्शा युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा साधन बनकर उभरा है. बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ही कई ऐसे चालक हैं जो इलेक्ट्रिक ऑटो चला रहे हैं. यह नियम के खिलाफ है. हजारीबाग जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती ने बताया कि लोगों को जानकारी का अभाव होता है कि तीन पहिए गाड़ी चलाने के लिए भी ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता पड़ती है. ई-रिक्शा चलाने के लिए भी जिला परिवहन कार्यालय से रजिस्ट्रेशन करना होता है. चालक के पास रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है तो ई-रिक्शा चलाना गैरकानूनी है. उनके खिलाफ समय समय पर ड्राइव भी चलाया जाता है.

### बंद खदनों के मुहानों की मजबूती से करें भराई : एसएसपी

## नियम के अनुसार बीसीसीएल, रजिस्ट्री से पहले रैयतों को दें मुआवजा : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) को खनन के लिए नियमानुसार लैंड ट्रांसफर करने तथा रैयतों को जमीन की रजिस्ट्री से पहले मुआवजा देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बीसीसीएल को खनन क्षेत्र में बने जलाशयों को विकसित करने और आसपास के लोगों के लिए सकारात्मक कार्य करने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने कहा कि खनन टास्क फोर्स की हर बैठक में जल संरक्षण, पौधारोपण सहित सस्टेनेबल माइनिंग के लिए बीसीसीएल द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने खनन के दौरान ब्लास्टिंग प्रोटोकॉल एवं माइंस सेफ्टी प्लान का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बंद खदानों के मुहानों की मजबूती से भराई करने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी को कोयला चोरी, अवैध खनन या परियोजना से जुड़े मामले की शिकायतों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक कोयला के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई से अवगत कराया। जबकि बीसीसीएल ने कोयला चोरी व अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन रोकने के लिए की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

### रांची में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** अनगड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र के राजाडेरा में छापेमारी कर अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. मौके पर से बड़ी संख्या में नकली शराब, स्प्रिट, ड्रम, खाली बोतल एवं शराब बनाने का कच्चा सामान बरामद हुआ है. इस मामले में पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है. इन लोगों की निशानदेही पर रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र में भी छापामारी की गयी. यहां से भी नकली शराब, स्प्रिट, बोतल, शराब बनाने का कच्चा सामान आदि बरामद किया.

## डॉ. रामदयाल मुंडा को आजसू पार्टी ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**रांची।** आजसू पार्टी ने शनिवार को झारखंड आंदोलनकारी पद्मश्री स्व डॉ रामदयाल मुंडा को उनकी 86वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुदेश महतो ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मोरहाबादी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री सुदेश महतो ने कहा कि स्व. डॉ रामदयाल मुंडा ने आजसू के आंदोलन को बौद्धिक दिशा दी थी। उन्होंने झारखंडी संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य किया। वे झारखंड की आत्मा थे और उनके विचार आजसू पार्टी के लिए सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे। श्री महतो ने कहा कि डॉ. मुंडा ने आजसू की स्थापना के साथ झारखंड आंदोलन को नई ऊर्जा दी थी। उनके संघर्ष और योगदान को सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका रही। सरहुल पर्व को महोत्सव का स्वरूप भी उन्होंने ही दिया था। आजसू कार्यकर्ता उन्हें सदैव अपना आदर्श मानते रहे हैं। इस मौके पर मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, डॉ पार्थ परितोष, छात्र संघ के ओम वर्मा, बबलू महतो आदि मौजूद थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा। (सर्वसाधारण के लिए सूचना)



लापता महिला सोनी फातमा उम्र–करीब 30 वर्ष, पति–ताजुद्दीन मियाँ, सा0–मतरामेटा, थाना–टी0टाँगर, जिला–सिमडेगा, राज्य– झारखण्ड़, दिनांक–08.08.2025 दिन भाुक्रवार को **करीब 10:00 बजे सिमडेगा जा रही हूँ बताकर निकली थी, जो** अभी तक अपने घर वापस नहीं लौटी है। गुम ुदा महिला की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

हुलिया की विवरणी :–

**लिंग** :– स्त्रीलिंग।
**उम्र** :– 30 वर्ष।
**रंग** :– साँवला।
**बाल** :– काला।
**उँचाई** :– 05 फीट ।
**भाषा** :– सादरी एवं हिन्दी ।
पहनावा :– हल्का आसमानी रंग का शुट।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा बालिका के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, टी0टांगर – मोबाइल नं0–9431706232
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0– मोबाइल नं0–1800–3456–256

PR.NO.360288 Simdega(25-26):D — पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा।


### जिले में चलाया जाएगा "नो हेलमेट नो पेट्रोल" अभियान

# बैरियर तोड़कर अवैध कट बनाने वालों पर किया जाएगा एफआईआर

नवीन मेल संवाददाता




**धनबाद।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दो पहिया वाहन चालकों के लिए "नो हेलमेट नो पेट्रोल" अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बैरियर तोड़कर अवैध कट बनाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। एनएच पर घर निर्माण करने वालों को माडा से नक्शा पास करते समय एनएच से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। यह निर्णय शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जुलाई 2025 तक जिले में 236 सड़क दुर्घटना हुई है। 135 दुर्घटना के घातक परिणाम आए हैं। जबकि 76 दुर्घटना में लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें 102 दुर्घटना ओवर स्पीड के कारण, 19 रॉन्ग साइड में वाहन चलाने, 21 ओवरटेकिंग, 54 अंधेरे के कारण, 8 ड्रिंक एंड ड्राइव, 8 नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के कारण, 14 वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने के कारण व 10 दुर्घटना अन्य कारणों से हुई है। इस पर समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की तथा दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में कदम उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सांसद ढुलू महतो ने सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं पर अंकुश लगाने, गया पुल अंडर पास का चौड़ीकरण, वर्तमान अंडरपास की मरम्मत, सोनारडीह में ओवर ब्रिज बनाने का अनुरोध किया। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने नाबालिक वाहन चालकों पर कार्रवाई करने, बरवाअड्डा से धनबाद तथा आमाघाटा बैंक ऑफ़ इंडिया के पास जल जमाव दूर करने, मानटांड से तोपचांची मार्ग पर सर्विस लेन शुरू करने, अशर्फी अस्पताल के पास अतिक्रमण हटाने तथा अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने, तेतुलमारी राजगंज गया पुल की मरम्मत करने का आग्रह किया।

## रामदयाल मुंडा की जयंती पर अबुआ अधिकार मंच ने दी श्रद्धांजलि




**रांची।** महान शिक्षाविद, समाजसुधारक, लोककवि, भाषाविद एवं आदिवासी अस्मिता के प्रखर प्रहरी पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा की जयंती पर अबुआ अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह एवं वेदांत कौस्तव के नेतृत्व में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें नमन किया। आज पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उनका जीवन केवल शिक्षा, साहित्य और संगीत तक सीमित नहीं था, बल्कि आदिवासी समाज की आत्मा और अस्मिता की बुलंद आवाज भी था। अबुआ अधिकार मंच का दृढ़ संकल्प है कि रांची विश्वविद्यालय का नाम पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा विश्वविद्यालय रखा जाए। यह कदम उनके सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक योगदान को अक्षुण्ण रखने में मदद करेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने कहा कि रामदयाल मुंडा जी ने न केवल आदिवासी भाषाओं और लोक संस्कृति को नई पहचान दिलाई, बल्कि आदिवासी समाज को शिक्षा और सशक्तिकरण की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

